**खबर संक्षेप**

### नीति आयोग नियोजित आकांक्षी विकासखंड में केंद्रीय अधिकारी ने किया विभागीय विकास योजनाओं के समन्वयन का मूल्यांकन



**मण्डला।** नीति आयोग से नियोजित केंद्रीय प्रभारी अधिकारी सुश्री ऋचा शर्मा दो दिवसीय आकाक्षीं विकासखंड जिला भ्रमण पर मंडला मुख्यालय पहुंची, जहां उन्होंने भ्रमण कार्यक्रम के पहले चरण में 22 जनवरी 2026 को विकासखंड नारायणगंज के भ्रमण में आकांक्षी चयनित संकेतकों के विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों से प्रगति प्रतिवेदन व आगामी योजना पर बातचीत कर प्रगति जानी तथा क्षेत्रीय भ्रमण में उप स्वास्थ्य केंद्र चौकी, आयुर्वेदिक स्वास्थ केंद्र, आंगनवाड़ी केंद्र टिकरिया, शासकीय हॉयर सेकेन्डरी स्कूल टिकरिया, आजीविका मिशन अंतर्गत स्व सहायता समूह संवाद, आजीविका दीदी कैफे, कृषि विभाग से, ग्राम गुजरसानी पॉली हाऊस जैविक खेती का ग्राम स्तरीय गतिविधि कार्य अवलोकन किया, भ्रमण के बाद जिला मुख्यालय में जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा, श्रीमती सोनाली देव, एसडीएम बिछिया बातचीत की, जिसमें आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के संकेतकों की प्रगति पर संतोषजनक परिणाम पर जिले को बधाई दी तथा नीति आयोग से और अधिक सहयोग हेतु आश्वस्त किया। भ्रमण के दौरान श्री शाश्वत सिंह मीणा सीईओ जिला पंचायत, श्री विनोद कुमार मरावी, सीईओ जनपद पंचायत नारायणगंज एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**अवधि समाप्त फिर भी जारी रही धान की तुलाई**

# खरीदी केन्द्र से 77.63 लाख की धान गायब

*** दानीटोला सहकारी समिति के द्वारा संचालित खरीदी केन्द्र का ममाला।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



20 जनवरी से खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी बंद कर दी गई और ऑनलाईन पोर्टल भी बंद हो गये इसके बावजूद जब एक विशेष धान खरीदी केन्द्र में धान की तुलाई खरीदी केन्द्र प्रभारी द्वारा की जा रही थी तो लोगों को शंका हुई और उन्होंने उच्चाधिकारियों को इसकी शिकायत की। जैसे ही मण्डला खाद्य विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी लगी उन्होंने तुरंत जांच के लिये मण्डला से अधिकारियों को भेजा और जब जांच हुई तो बड़ी मात्रा में धान खरीदी केन्द्र में गड़बड़ी पाई गई और जब ऑनलाईन खरीदी के आंकड़ों को जांचा गया और परिसर में एवं वेयरहाऊस में जो धान पाई गई इसमें बड़ा अंतर मिला।



जांच अधिकारियों का कहना था कि रिकॉर्ड के अनुसार 5584 क्विंटल धान होनी थी लेकिन मौके पर सिर्फ 2307 क्विंटल ही धान मिली 3277 क्विंटल धान गायब पाई गई जिसकी अनुमानित कीमत 77 लाख 63 हजार रूपये होती है।

### क्या है मामला

आदिम जाति सहकारी समिति दानिटोला द्वारा राजलक्ष्मी वेयरहाउस परिसर में दो धान उपार्जन केंद्र संचालित किए जा रहे थे। शिकायत मिली थी कि खरीदी का आधिकारिक पोर्टल बंद होने के बावजूद इन केंद्रों पर धान की तुलाई जारी थी और हजारों क्विंटल धान खुले में पड़ा था। शिकायत मिलने के बाद जिला आपूर्ति विभाग ने दानिटोला खरीदी केंद्र की जांच कराई। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा की गई जांच में यह गंभीर गड़बड़ी उजागर हुई। जांच में 3277 क्विंटल धान की कमी पाई गई, जो नियमों का उल्लंघन है। जिला आपूर्ति अधिकारी संत कुमार भलावी के अनुसार इस मामले में समिति प्रबंधक हितेश कुडापे, खरीदी प्रभारी समारू सिंह उइके, कंप्यूटर ऑपरेटर सुनील नेताम, सुखमेन मार्को, सर्वेयर सुभाष परतेती और केशव अहिरवार को जिम्मेदार माना गया है। इस पूरे मामले में नियमानुसार कार्रवाई कर एक प्रतिवेदन कलेक्टर मण्डला को भेजा गया है।

### पूरे जिले में हुआ करोड़ों का हेर-फेर

शासन के नियमों की अनदेखी कर सहकारी समितियों द्वारा धान उपार्जन में बड़ी मात्रा में हेरा-फेरी की गई है किसानों के रकबे को बढ़ाकर पंजीयन किये जाने के मामले सामने आये, व्यापारियों की धान को इस तरह फर्जी पंजीयन के माध्यम से खरीदे जाने की खबरें भी प्रकाशित हुई, बिना गुणवत्ता जांचे सीधे बोरो से बोरो में धान पलटी की गई और तौल में भी 200 से 400 ग्राम तक ज्यादा धान तौलकर ली जाती रही जिन किसानों की धान ली जा रही थी उनसे भी प्रति क्विंटल 15 से 25 रूपये की राशि लेने की बातें भी प्रकाश में आई, परिवहन कर वेयरहाऊस आई गुणवत्ताहीन धान को वापिस भी किया गया और तो और सहकारी समिति की प्रभारी जिला पंचायत की सदस्या द्वारा इन सभी अनियमित्ताओं को लेकर जिला मुख्यालय में धरना भी दिया गया इसके बावजूद न तो धान उपार्जन की व्यवस्था में सुधार हुआ और न ही सहकारी समितियों की कार्यप्रणाली में कोई अंतर नजर आया।

नीचे से ऊपर तक इन अधिकारी, कर्मचारियों के मेल-मिलाप ने न केवल शासन की योजनाओं को पलीता लगाया बल्कि वे किसान जिनके उत्थान के लिये सरकार लगातार प्रयासरत है और खेती को लाभ का धंधा बनाने इस तरह की योजनायें संचालित कर रही है उसमें इस तरह की लापरवाहियाँ किसानों के हित को प्रभावित तो कर रही है साथ ही शासन को भी जमकर चूना लगा रही हैं। दिखावे के लिये प्रशासनिक अधिकारी उपार्जन केन्द्रों का दौरा तो करते रहे लेकिन यह दौरा सिर्फ फोटो सेशन और शासकीय विज्ञप्ति जारी रहने तक ही सीमित रहा।

## धर्म, संस्कृति और एकता का संदेश:पदमी के हिंदू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मंडला जिले के पदमी क्षेत्र के खड़देवरा चौराहा में आयोजित हिंदू सम्मेलन ने सनातन संस्कृति, सामाजिक एकता और आध्यात्मिक ऊर्जा का विराट संदेश दिया। हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति, उपखंड पदमी खड़देवरा चौराहा द्वारा आयोजित यह सम्मेलन पूरे क्षेत्र के लिए आस्था, संस्कार और समरसता का उत्सव बन गया। अनंत श्री विभूषित धर्मसम्राट श्रीमद् जगद्गुरु स्वामी श्री प्रज्ञानंद सरस्वती जी महाराज के पावन सान्निध्य में संपन्न इस आयोजन को विशेष आध्यात्मिक गरिमा प्राप्त हुई। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसके बाद पूरा वातावरण भक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत हो गया। सम्मेलन में प्रदेश की केबिनेट मंत्री संपतिया उईके की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने विशेष रूप से दर्शक दीर्घा में मातृशक्तियों के साथ बैठकर कार्यक्रम का अवलोकन किया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का उत्साहपूर्वक आनंद लिया, जो सामाजिक समरसता का सशक्त संदेश बना।

कार्यक्रम के दौरान संगीतमय श्रीराम भजन, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, वंदे मातरम, श्रीराम स्तुति तथा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं। स्थानीय बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को संपतिया उइके, संदीप सिंह सहित अन्य सदस्यों द्वारा नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे प्रतिभाओं का उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा। समापन अवसर पर भारत माता की भव्य आरती की गई, जिसमें संत-महात्मा, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना का भाव प्रकट किया। आयोजन की सफलता में स्थानीय नागरिकों, स्वयंसेवकों और आयोजन समिति का सराहनीय योगदान रहा।



## खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**भुआबिछिया।** जन अभियान परिषद मण्डला विकासखंड बिछिया ग्राम पंचायत खालोढी सेक्टर क्रमांक 5 माझीपुर गोंडवाना शिक्षा उद्यान परिषद बिछिया के द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश कार्यक्रम जिला समन्वयक राजेन्द्र सिंह चौधरी के मार्गदर्शन में एवं विकासखंड समन्यवक कीर्ति कुरील के मार्गदर्शन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम स्कूल के बच्चों एवं ग्राम के नागरिकों के द्वारा खेल प्रतियोगिता, खो खो, कबड्डी कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़ और प्रस्फुटन समिति के महिलाओं और पुरुषों के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें ग्राम के सरपंच शिक्षकाए और ग्रामीण जन नवांकुर संस्था प्रभारी कमलेश यादव और प्रस्फुटन समिति सदस्य रामकृपाल आमों और द्वारा पूर्ण कार्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से उपस्थित होकर खेलकूद प्रतियोगिता कराया गया।

## सिंगौधा पाठा मैली देवरी में मनाया गया गौरव एवं आनंद उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत में ग्राम गौरव एवं आनंद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है इस कार्यक्रम में सिगौधा पाठा मैली देवरी आनंद उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों के कई कार्यक्रम एवं संस्कृत कार्यक्रम कराया गया जिसमें जलेबी दौड़ निबंध प्रतियोगिता लंबी कूद फुटबॉल क्रिकेट रस्सी कूदना भाला फेंक निबंध लेखन रंगोली प्रतियोगिता आदि का आयोजन बच्चों के द्वारा किया गया स्कूल के बच्चों के द्वारा अच्छे प्रदर्शन करने वाले को शील्ड कप मेंडल एवं सभी बच्चों को पेन काफी एवं स्कूल सामग्री का आयोजन के दौरान दिया गया सिगौधा के की सरपंच श्रीमती उमिया बाई सचिव हरदयाल मरावी उपसरपंच भारत लाल पट्टा द्वारा बच्चों को पारितोषिक दिया गया ग्राम पंचायत मैली श्रीमती सुमिया बाई मार्को ग्राम पंचायत देवरी सरपंच श्रीमती संध्या मार्को के द्वारा बच्चों को शील्ड कप मिठाई आदि बांटा गया इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सिंगौधा सरपंच श्रीमती उमिया बाई सचिन हरदयाल मरावी उपसरपंच भारत लाल पट्टा सरपंच पाठा श्रीमती मंगो बाई ग्राम पंचायत मैली के सरपंच सचिव अनिल शर्मा देवरी खुमान सिंह उईके एवं प्राइमरी मिडिल स्कूल के शिक्षक छात्राएं एवं गांव के सभी पंचगण की उपस्थिति सराहनी रही।

## बम्हनी बंजर में श्रीमद् भागवत पुराण को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/बम्हनीबंजर



बम्हनीबंजर नगर में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के शुभारंभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लेकर धार्मिक उत्साह और आस्था का परिचय दिया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सम्पतिया उइके, अध्यक्ष मीना हरदहा, उपाध्यक्ष बद्री नंदा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की विशेष उपस्थिति रही। वहीं कलश यात्रा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन का सराहनीय योगदान रहा। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकाली गई, जहां श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन करते हुए वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आयोजन को लेकर नगरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के दौरान प्रतिदिन धार्मिक प्रवचन होंगे, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

**उत्साह** | **नितिन नवीन के निर्विरोध निर्वाचन पर मंडला में मना जश्न।**

# भाजपा को मिला मजबूत राष्ट्रीय नेतृत्व

*** कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई, की आतिशबाजी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा परिवार के मुखिया नितिन नवीन के निर्विरोध निर्वाचित होने की खुशी में बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और एक-दूसरे को मिष्ठान्न खिलाकर शुभकामनाएं दीं। पूरे परिसर में भाजपा जिंदाबाद के नारों के साथ उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में मंडला विधायक व कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके तथा भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा की विशेष उपस्थिति रही। कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं से स्वागत किया आतिशबाजी की और मिठाइयों का वितरण कर जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नितिन नवीन का निर्विरोध निर्वाचन भाजपा संगठन की एकता, अनुशासन और मजबूत लोकतांत्रिक परंपराओं का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भाजपा आज केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ काम करने वाला एक विशाल परिवार है।

उन्होंने आगे कहा, राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नवीन का नेतृत्व संगठन को नई ऊर्जा देगा। उनके अनुभव और दूरदर्शिता से पार्टी देश के प्रत्येक कोने तक विकास, सुशासन और गरीब कल्याण की योजनाओं को और मजबूती से पहुंचाएगी। भाजपा की नीति 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' को जमीन पर उतारने में उनका मार्गदर्शन अहम भूमिका निभाएगा।"

कैबिनेट मंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और प्रदेश सरकारें निरंतर जनकल्याण के कार्य कर रही हैं। भाजपा कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ हैं। कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण के कारण ही पार्टी लगातार जनता का विश्वास जीत रही है। आने वाले समय में संगठन और अधिक सशक्त होकर जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाएगा,

वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्विरोध निर्वाचन इस बात का संकेत है कि पार्टी के भीतर नेतृत्व को लेकर पूर्ण सहमति और विश्वास है। उन्होंने कहा नितिन नवीन का नेतृत्व भाजपा के सिद्धांतों और मूल्यों को और मजबूत करेगा। संगठनात्मक दृष्टि से यह निर्णय ऐतिहासिक है, जो आने वाले चुनावों और जनआंदोलनों में पार्टी को नई दिशा देगा।

प्रफुल्ल मिश्रा ने जिले के कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि मंडला जिला हमेशा से संगठनात्मक कार्यों में अग्रणी रहा है। चाहे चुनावी अभियान हो या जनसेवा के कार्यक्रम, हमारे कार्यकर्ताओं ने हमेशा समर्पण भाव से काम किया है। राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में हम जिले में संगठन को बूथ स्तर तक और मजबूत करेंगे, भाजपा की नीतियों और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही पार्टी का मुख्य उद्देश्य है।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा वरिष्ठ पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्ष, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा के पदाधिकारियों तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को बधाई दी । युवाओं और महिला कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा के संगठनात्मक कार्यों को और गति दी जाएगी तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

## दशकों से जमे कर्मचारी पीड़ित आमजन में आक्रोश......................

**निवास।** आम जनता से जुड़े शासकीय कार्यों के निर्वहन व संपादन में पारदर्शिता बनी रहे इसलिए शासन स्तर से प्रत्येक वर्ष तीन वर्षों से ज्यादा समय से सेवाएं दे रहे कर्मचारियों के तबादले के आदेश जारी किये जाते हैं लेकिन इस आदेश को जिम्मेदार धता बताकर व सम्बन्धित कर्मचारियों से लेनदेन कर रद्दी की टोकरी में फेक देते हैं नतीजन निवास तहसील मुख्यालय के विभिन्न शासकीय कार्यालयों में दशकों से बेखौफ बाबूराज चल रहा है ऐसे में फरियादी और इनके जरूरी कार्य या तो लेनदेन के माध्यम से हो रहे हैं या इनको अनावश्यक पेशी दर पेशी भटकाया जा रहा है। ज्ञात हो कि निवास मुख्यालय में अनेक ऐसे शासकीय कार्यालय हैं जिनमें कार्यरत कर्मचारी दसकों से ज्यादा समय से अंगद की तरह पाँव जमाये बैठे हैं, लेकिन न तो अलाधिकारी इस पर ध्यान दे रहे न ही जिले के ट्रांसफर नीति के तहत आदेश जारी करने वाले विभाग के जिम्मेदार।

## डिवाइडर के पहले लगा लोहे का एंगल बड़े खतरे का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




बीते दिनों निवास जबलपुर मार्ग में बने डिवाइडर से एक वाहन टकरा गया था जिसमें निवास विधायक के भतीजे की इलाज के दौरान दर्दनाक मौत हुई थी, साथ ही उक्त रोड़ डिवाइडर जहाँ से शुरू होता है वहां रोड़ ठेकेदार द्वारा एक लोहे का एंगल जिसके ऊपरी हिस्से में टी आकार का एक टुकड़ा जुड़ा है और जमीन में गड़ा है कुछ माह पहले यही टी एंगल एक गोवंश के पेट में घुस गया था और गाय की भी दुखद मौत हो चुकी है बावजूद जिम्मेदार इस अनावश्यक और गंभीर दुर्घटना को आमंत्रित करते एंगल को हटाया नहीं गया है।

ज्ञात हो की हाल में हुये हादसे में निवास विधायक के भतीजे की मौत के बाद रोड़ ठेकेदार हरकत में आया और वर्षों से बदहाल रोड़ डिवाइडर का रंग रोगन कर डिवाइडर दीवाल में रेडियम की संकेत तख़्तियाँ लगाई गईं हैं, घर भी अपूर्ण है और कार्य बंद कर दिया गया है।

वहीं उक्त लापरवाही पूर्ण कार्य के चलते भविष्य में बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। रोड़ ठेकेदार,स्थानीय प्रशासन और नगर परिषद के पदाधिकारियों को समय रहते इस मामले को संज्ञान में लेकर सुधार करना होगा ताकि भविष्य में हो सकने वाली अप्रत्याशित घटनाओं को रोका जा सके।

खबर संक्षेप

## शिक्षण संस्थाओं में बडे ही धूमधाम के साथ मनया माँ सरस्वती का प्रकटोत्सव



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। आज शुक्रवार को नगर सहित क्षेत्रीय स्कूलों मे विद्या की देवी माँ सरस्वती जी का प्रकटोत्सव यानि की बसंत पंचमी बडे ही धूमधाम के साथ मनाई गई। बताया जाता है कि इस अवसर पर क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। क्षेत्र के प्राथमिक, माध्यमिक तथा हाई एवं हायर सेकण्डरी स्कूलों मे शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं द्वारा माँ सरस्वती के चित्र एवं प्रतिमा पर तिलक लगाकर माला पहनाई गईं एवं भोग लगाया गया पूजन अर्चन करने के साथ हवन के कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस तरह सोमवार को स्कूल खुलने के बाद से ही छात्र छात्राओं मे बसंत पंचमी मनाये जाने के लिए अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। वही दूसरी ओर कुछ छात्र छात्राएं तो घर से ही पुष्प एवं पूजन सामग्री स्कूल लेकर आये। पूजन के समय सरस्वती वंदना का भी गायन किया गया। अंत मे प्रसाद वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ बसंत पंचमी पूजन का समापन किया गया। उल्लेखनीय हे कि शिक्षक संदर्भ समूह द्वारा भी बसंत पंचमी को विद्यालय दिवस के रूप मे मनाये जाने की अपील की गईं थी।

## आज नगर में निकाली जावेगी माँ नर्मदाजी की विशाल व भव्य 551 मीटर लम्बी चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि हमारा नर्मदा क्षेत्र जहां संपूर्ण देश में अलग पहचान बनाये हुआ है। क्योंकि इस क्षेत्र में पैदा होने वाली फसल का स्वाद लेते हुये देश के बडे बडे महा नगरों में बैठे हुये लोग हमारे नर्मदाचंल को याद करने से नही भूलते है। वही दूसरी ओर इस क्षेत्र में निवास करने वाले लोग अपने आपको इसलिये सौभाग्य शाली मानते है कि उन्होंने माँ नर्मदाजी के अंचल में जन्म लिया है। क्योंकि हम लोग निश्चित ही जब इच्छ होती है तब नर्मदाजी के दर्शन करते हुये अपने पापों से मुक्ति पा लेते है। क्योंकि धर्म शास्त्रों के अनुसार दुनिया की वह पहली नदी है जिसकी लोग परिक्रमा करते हे वह माँ नर्मदाजी है। हर साल हजारों की संख्या में माँ नर्मदाजी की परिक्रमा करने वाले संतों की सेवा करने का भी हम नर्मदा क्षेत्र के लोगों को सौभाग्य मिलने से नही चूकता है। वही दूसरी ओर देखा जावे तो हम लोगों पर माँ नर्मदाजी का इस तरह से आर्शीवाद रहता है कि माँ अपने पुत्रों पर किसी भी तरह का संकट आने के पहले ही उसका हरण कर लेती है। इसी प्रकार से माँ नर्मदाजी भी इस क्षेत्र में किसी तरह से कोई बडी विपत्ति आने के पहले ही उसका हरण करते हुये अपनी संतान को सुरक्षित करने से नही चूकती है। इसी का परिणाम है कि आज तक हमारे क्षेत्र में कोई बडी विपत्ति नही आई यह माँ नम्रदा जी के आर्शीवाद का ही परिणाम है। इसी के चलते माँ नर्मदाजी का प्रकटोत्सव क्षेत्र के लोगों द्वारा हर साल बडे ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इसी प्रकार से इस वर्ष भी माँ नर्मदाजी का जन्मोत्व धूमधाम के साथ मनाये जाने की तैयारी तथा 25 जनवरी नर्मदाजी की जयंती के पावन अवसर पर माँ नर्मदा को समर्पित की जाने वाली चुनरी यात्रा का आयोजन गाडरवारा शहर में हर साल की भांति इस वर्ष भी आज 23 जनवरी को भव्यता के साथ किया जा रहा है। बताया जाता है यह माँ नर्मदाजी की चुनरी यात्रा आज दोपहर 3 बजे माँ नर्मदाजी के मंदिर छिडाव घाट से शुरू होकर चौकी मुहल्ला से निकलते हुये चांवडी रोड से महावीर भवन पहुंचगी।

# दिल्ली टीम प्रयागराज को एक रन से पराजित करते हुये बनी विजेता

## प्रतियोगिता के समापन अवसर पर अतिथियों किया पुरस्कार वितरण, खेल शरीर मन को स्वास्थ्य बनाता है- सोनी









हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा

नगर के पुराने कालेज खेल मैदान पर दो वर्ष के अंतराज उपरांत इस वर्ष से फिर अखिल भारतीय लेटर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ है। ज्ञात हो कि लाईन्स क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित की की गई अखिल भारतीय लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता विधायक कप में देश के अलग अलग प्रांतों से शामिल हुई कुल आठ टीमों ने भाग लिया गया था। इस तरह इस प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबला बीते हुये दिवस उत्तर प्रदेश प्रांत की प्रयागराज व देश की राजधानी दिल्ली टीमों के बीच खेला गया। इस फाईनल मुकाबले में दिल्ली टीम द्वारा प्रयागराज टीम को मात्र एक रन से पराजित करते हुये विजेता का ताज पहनने में सफलता हासिल की गई। खेले गये फाईनल मुकाबले में टॉस जीतकर दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 181 रन बनाए थें। वही जब दिल्ली द्वारा जीत के लिये दिये गये 182 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिये मैदान पर उतरी प्रयागराज टीम अपने निर्धारित 20 ओवर में 180 रन ही बना पाई थी और मात्र 1 रन से पराजित होने के चलते दिल्ली टीम इस विधायक कप की विजेता बनते हुये इस प्रतियोगिता पर कब्जा जमा लिया। इस तरह खेले गये प्रतियोगिता के फाइनल मैच अंतिम क्षण तक रोमांच बना रहा। रुद्र मैदान पर हजारों की संख्या में दर्शको ने मैच का आनंद लेते हुये देखे गये। वही इस प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल से मानसिक और शारीरिक दोनों तरह का विकास होता है। खेल हमें न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत और तनावमुक्त रखता है। खेलो से आत्मविश्वास और आत्मसम्मान भी बढ़ता है साथ ही सहयोग और टीमवर्क की भावना विकसित होती है। क्षेत्र के विधायक कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिह के विशेष सहयोग और प्रयास से गाडरवारा में इस तरह अखिल भारतीय स्तर के खेल आयोजन लगातार हो रहे हैं। लाईन्स क्रिकेट क्लब गाडरवारा भी बधाई की पात्र है जिसमे क्रिकेट के सफल महाकुंभ का आयोजन किया। क्योंकि लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करना कोई छोटी बात नही रहती है। इसी प्रकार से कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा ने कहा कि निश्चित ही क्रिकेट अनिश्चितताओं भरा हुआ खेल होता है जिसमें एक गेंद पर कुछ भी हो सकता है। यही कारण है कि क्रिकेट खेल की देश दुनिया में एक अलग पहचान व लोकप्रियता बनी हुई है। वैसे भी देखा जावे तो हार-जीत हर खेल का हिस्सा होता है। किसी भी जीतने वाली टीम की पहचान हारने वाली टीम के चलते ही होती है। यदि सामने वाली टीम हारेगी नही तो जीत कैसे मिलेगी। कभी भी हारने वाली टीम को निराश नही होना चाहिये, खेल के दौरान जो कमियाँ रहती है उनमें सुधार करते हुये अगले मैच में पुनः खेल भावना को लेकर उतराने से सफलता कदम चूमने से नही चूकती है। लेकिन खेल की भावना और खिलाड़ियों का प्रदर्शन ही सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। आज दिल्ली और प्रयागराज की टीम के खिलाड़ियों ने हमारे नगर के रुद्र मैदान पर बहुत ही अच्छा खेल का प्रदर्शन किया दर्शको का मन मोह लिया। जब कामेन्ट्री के दौरान दर्शको से पूछा जाता था कि आज कौन से टीम जीतेगी तो दर्शक कुछ नही बता पा रहे थें। क्योंकि मैच इस स्थिति में पहुंच चुका था कि कोई अनुमान नही लगा पा रहा था कि कौन हारेगा और कौन जितेगा क्योंकि मैच में खिलाड़ी अपने खेल का प्रदर्शन करते हुये रौमांचकारी बनाने में पीछे नही थें। इस तरह पूरे एक सप्ताह नगर के लोगों ने इस आयोजन में काफी आनंद उठाया और आने वाले समय में रुद्र मैदान पर स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह के द्वारा और भी विकास कराया जाएगा जिसके चलते भव्य तरीके इस आयोजन हो सके। आयोजन समिति के युवाओं ने काफी मेहनत करके इस प्रतियोगिता को सफल बनाया है। इसी प्रकार से कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे हुये भाजपा जिला अध्यक्ष राम स्नेही पाठक ने संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से हमारे जिले में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज व देश की राजधानी दिल्ली टीमें पधारी हुई है हमे बड़ी खुशी की बात है कि हम लोग इन मेहमान टीमों का स्वागत करने का सौभाग्य मिला है। इन बड़ी टीमों द्वारा प्रदर्शित किये गये खेल से निश्चित हमारे क्षेत्र के बच्चों को खेल की दुनिया में काफी कुछ सीखने का अवसर मिलेगा। इस दौरान उन्होंनें कहा कि खेल भावना ही क्रिकेट की आत्मा होती है। क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं है, बल्कि यह एक भावना है जो हमें हार-जीत के साथ-साथ सम्मान, मित्रता की शिक्षा देती है। गाडरवारा में अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में बड़ी बड़ी टीम आई और दर्शकों ने अच्छी क्रिकेट का आनंद लिया। क्रिकेट खेल ऐसा है जो एक गेंद पर छक्का या आउट होने से मैच का रूख बदल देता है। आयोजन समिति को बहुत-बहुत बधाई जिन्होंने गाडरवारा में लेदर वाल क्रिकेट को बरकरार रखा है। क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में खेल के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी विकास के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। इस दौरान मौजूद अतिथियों ने मीडिया द्वारा दिये गए सहयोग की भी सराहना की गई। इस मौके पर क्षेत्र के भाजपा नेता घनश्याम राजपूत, पूर्व जनपद अध्यक्ष चीचली मुकेश मरैया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ममता पांडे, मिनेन्द्र डागा, करेली भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र स्वामी, गाडरवारा मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा, चीचली भाजपा मंडल नरेश कौरव, भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष राव संदीप सिंह, पंडित अशोक भार्गव, सुरेश श्रीवास्तव, नवनीत पलोड़, सुरेंद्र गुर्जर, अशोक राजपूत, ठाकुर रणजीत सिंह राजपूत, अभिषेक सराठे, चंचल कोरी, शुभम राजपूत सहित ग नागरिक व जनप्रतिनिधि प्रमुख थे। ज्ञात हो कि इस प्रतियोगिता विजेता टीम दिल्ली को प्रथम पुरूस्कार के रूप में 2 लाख की नगद राशि एवं कप स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव प्रताप सिंह द्वारा प्रदान किया गया। वही उप विजेता रही प्रयागराज टीम को द्वितीय पुरस्कार के रूप 1 लाख नगद व कप समाजसेवी योगेंद्र दिनेश मालपानी द्वारा के सौजन्य से प्रदान किया गया। वही सभी मैचो में मैन ऑफ द मैच का पुरूस्कार अन्नू शर्मा द्वारा 21 सौ रुपये दिए गए तो फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच फरजान अली को दिया गया जिन्होंने शानदार बल्लेबाजी कर आकाशीय छक्के लगाए थें। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार 21 हजार नगद विनायक सिंह को भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा के सौजन्य से प्रदान किया गया। वही सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को स्वर्ग की कमल कोचर की स्मृति में पुरस्कार दिए गए जिसमें बेस्ट दर्शक प्रभु दयाल रजक, बेस्ट कैच अजय यादव, वेस्ट वालर हर्ष नारायण तिवारी, बेस्ट बेस्ट मैन अंशु सिंह गौड़, बेस्ट फील्डर अनुराग पटेल, बेस्ट कीपर कुमार आर्यन, बेस्ट कॉमेंट्री राजेश त्रिपाठी, इमरान खान, वेस्ट अंपायर शैलेंद्र शर्मा, देवेंद्र रजक, इशाक खान ,इलियास खान तथा बेस्ट स्कोरिंग का पुरस्कार विकास पटेल सुभी लाला को दिया गया। समापन कार्यक्रम का संचालन अब्दुल फिरोज खान, रीतेश राय द्वारा तो कार्यक्रम में पधारे हुये अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन मिनेंद्र डागा ने किया।


# गोलू भैया सर्व सहमति से निर्वाचित हुये राईस मिल जिला अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। कोई संस्था हो या फिर संगठन यदि उसमें एकता नही होती है तो मजबूर नही माना जाता है। संगठन को मजबूती तभी मिल पाती है जब वह एक कार्यकारणी के रूप में रहते हुये अपने अपने दायित्वों का निर्वाहन करते हुये देखा जाता है। इसी के चलते बीते हुये दिवस समीपस्थ गाडरवारा की सुरभि होटल में बीते हुये दिवस जिले के समस्थ राईस मिल संचालकों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न मुद्दो पर चर्चा के उपरांत नई कार्यकारण का गठन किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष के पद पर सालीचौका निवासी अमरीश राय गोलू भैया को सर्वसम्माति से जिला अध्यक्ष मानोनित किया गया। बताया जाता है कि राईस मिलर्स एसोसिएशन द्वारा बनाई गई जिला की नवीन कार्यकारणी में राय राईस मिल सालीचौका के संचालक अमरीश राय (गोलू भैया ) को जिले के राईस मिलर्स एसोशिएशन के अध्यक्ष मनोजित किया गया। वही उपाध्यक्ष पद हेतू अन्यपूर्णा राइस मिल के संचालक पंड़ित अनिल आचार्य करेली व ग्रीन इंडिया राइस मिल के संचालक शेलेन्द सिंह राजपूत गाडारवारा को नियुक्त किया गया। वही सचिव पद हेतु जय नरसिंह राइस मिल संचालक अजय सिंह नरसिंहपुर तथा कोषाध्यक्ष पद लूनावत राइस मिल संचालक अनुराग लूनावत गाडरवारा मनोनित किया गया। बताया जाता है कि इस अवसर पर सर्वप्रथम तिरुपति राइस मिल के संचालक जितेन्द्र जी राय, मातेश्वरी सिंह राईस मिल से मयंक दीक्षित, हीरा राइस मिल से राजेश वर्मा, यश राईत मिल से मोहन कुशवाहा, श्री राम राईस मिल से मनोज राजपूत, पवन राइस मिल से पवन सोनू भाई, गजानन राइस मिल से हेमंत भाई प्रजापति, राधा किश्न से आशुतोष दुबे, विद्या सागर से आदित्य जैन, मेकल सुता से उदित सोनी, शाहरुक, कोरव राइस मिल से आकाश, कृष्णा राइस मिल से सुशील भामा, सा राइस मिल से आजाद सहित अन्य लोग मौजूद थें।

# श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ में हरि की भक्ति में लीन होने के लिये उमड़ रहा जन सैलाब











हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। नगर की इंदिरा कॉलोनी के आजाद वार्ड में बीते हुये बुधवार को भव्य कलश शोभा उपरांत गुरूवार से शुरू हुये चार वेद ,18 पुराण व 108 कुण्डीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में पहले ही दिन से जहां भक्तों की भीड़ते हुये दिखाई देना शुरू हो गई है। वही कथा व्यास के रूप में पधारे हुये वृंदावन धाम से आचार्य प्रदीप मणि द्वारा भागवत कथा सुनाते हुये प्रथम दिवस कथा सुनाते हुये कहा कि यह आयोजन भगवान की कृपा से प्रारंभ हुआ है। क्योंकि कोई भी धार्मिक आयोजन बगैर भगवान की इच्छा के बगैर तो संभवन हो ही नही सकता है। गाडरवारा में भगवान की साक्षात कृपा हुई है, जो इतना बड़ा आयोजन होने जा रहा है। क्योंकि किसी भी कथा के आयोजन के लिये विशेष मुहुर्त के साथ साथ उसके लिये वक्ता के रूप में भी पूर्णज्ञानी संत मुनि का होना जरूरी है। जब किसी भी वक्ता को खुद ही वेद पुराणों का ज्ञान नही होगा तो फिर वह भक्तों को कहा तक ज्ञान की बत बता पायेगा। इसलिये यदि कोई धार्मिक आयोजन किया जाता है तो उसमें उचित जगह, उचित महुर्त के साथ साथ उचित वक्ता का चुनाव जरूरी है। इस तरह गुरूवार से शुरू हुये श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में जहां प्रतिदिन कथा वाचक आचार्य प्रदीप मणि द्वारा भागवत कथा पुराण सुनाया जाता है तो रात के समय कल और आज जगत गुरू रामानंदाचार्य महाराज द्वारा भगवान श्रीराम की लीलाओं का वर्णन सुनाया जावेगा। वही कल 24 जनवरी से 28 जनवरी तक प्रतिदिन रात में गौ पीठाधीश्वर संत विपिन बिहारी महाराज सागर द्वारा भगवान की लीलाओं का वर्णन सुनाया जावेगा। इस तरह गाडरवारा शहर में जिस तरह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन हो रहा है निश्चित नगर के लिये बडे ही सौभाग्य मिला है जिसके चलते पूरा नगर ही नही क्षेत्र भगवान लक्ष्मी नारायण की कृपा से मग्न होने से नही चूकेगा। वही इस लक्ष्मी नारायण यज्ञ के दर्शन करने से ही देवताओं की साक्षात कृपा होती है। यहां पर हनुमान जी के मंदिर मे जहां 24 घंटे राम-नाम जाप एवं 24 घंटे यज्ञशाला में मंत्रो द्वारा आहुति चल रही है। मंत्रों की गूंज से संपूर्ण क्षेत्र के लोग मग्न होते हुये नजर आने से नही चूक रहे है। वही दूसरी ओर महायज्ञ के चलते यहां पर लगा हुआ भव्य मेला जिसमें अनेक प्रकार के झूल सहित मौत कुंआ के आलवा अन्य प्रकार की दुकाने क्षेत्रवासियों को आकर्षित करने से नही चूक रही है।

# सोहगपुर से भटकर गाडरवारा पहुंचे मासूम की पुलिस ने मिलाया परिजनों से



हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। निश्चित जब किसी का बेटा व बेटी अपने माता पिता की आंखों से चंद मिनिटों के लिये उझल हो जाते है तो उनका कलेजा सूखने से नही चूकता है। वह व्याकुल होते हुये उसकी खोजबीन में जुट जाते है। कुछ इसी प्रकार से सोहगपुर से भटककर गाडरवारा पहुंचे एक मासूम को चंद घंटो के अंदर ही उसके माता पिता से मिलाने का सराहनीय कार्य किया गया है। बताया जाता है कि बीते हुये दिवस आधी रात को लोगो ने नगर के इंदा काम्पलेक्स के पास एक सात वर्ष के मासूम को सोते हुये देखा तो वह हैरत में पड़ गये और इसी सूचना पुलिस थाने को दी गई। वही नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा इस मामले को गंभीरता से लेते हुये ड्यूटीरत आरक्षक विश्वजीत ठाकुर एवं पुलिस शासन की 112 के पायलट अंकित साहू तत्काल मौके पर पहुँचे तथा नाबालिग बालक के संबंध में आसपास के लोगों से पूछताछ की गई, किंतु उसके परिजनों के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी।नाबालिग बालक की तबीयत खराब होने के कारण उसे उपचार हेतु शासकीय अस्पताल गाडरवारा में भर्ती कराया गया, जहाँ उसका प्राथमिक उपचार कराया गया एवं भोजन की व्यवस्था की गई। वही पुलिस द्वारा नाबालिग बालक से प्राप्त अपुष्ट जानकारी के आधार पर उसके परिजनों की तलाश के प्रयास किए गए, जिनका सोहागपुर निवासी होना ज्ञात हुआ। पुलिस टीम द्वारा 07 वर्षीय नाबालिग बालक के परिजनों से संपर्क स्थापित किया गया। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि बालक की नानी शकुन बाई बीते हुये 21 जनवरी को सोहागपुर से अपने मायके गाडरवारा आई थीं तथा उक्त नाबालिग बालक बिना बताए उनके पीछे-पीछे गाडरवारा आ गया था। तत्पश्चात नानी शकुन बाई की तलाश कर 07 वर्षीय नाबालिग बालक को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। उक्त नाबालिक बालक के परिजनों की पतासाजी एवं उसको परिजनों के सुपुर्द करने में थाना प्रभारी विक्रम रजक के साथ साथ डायल-112 में ड्यूटीरत आरक्षक विश्वजीत ठाकुर एवं पायलट अंकित साहू की विशेष सराहनीय भूमिका देखने मिली।

# परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री आज रहेगे क्षेत्र के दौरे पर



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। क्षेत्रीय विधायक व मध्य प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षामंत्री उदय प्रताप सिंह आज 23 जनवरी शुक्रवार को गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। जानकारी के अनुसार दोपहर 12 बजे केबिनेट मंत्री का रायपुर आगमन होगा वहा हायर सेकेंडरी स्कूल में अतिरिक्त कक्ष भूमि पूजन एवं निःशुल्क सायकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे ग्राम गांगई में प्राथमिक शाला भवन लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। वही दोपहर 2 बजे नगर चीचली में सीतारेवा नर्मदा जयंती मेला कार्यक्रम में शामिल होंगे होकर पूजन अर्चन करने के बाद वह दोपहर 3 बजे ग्राम उसराय में क्रिकेट प्रतियोगिता समापन पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे । शाम 4.30 बजे नगर के सेवासदन आगमन होगा जहां पर केबिनेट मंत्री आमजनों, जनप्रतिनिधियो, भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ताओ से मुलाकात करेंगे । शाम 7 बजे पतलोन, गाडरवारा में चल रहे लक्ष्मीनारायण महायज्ञ कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके उपरांत शाम 8 .45 बजे ग्राम लोलरी के प्रस्थान करेंगे।

# स्वच्छता के प्रति किया जा रहा है नपा की टीम द्वारा आमजन को जागरूक



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। शहर में नागरिकों को कचरें को स्त्रोत पर पृथक - पृथक कर अलग अलग डस्टबिन में रखने के लिये नगर पालिका टीम द्वारा आमजन को लगातार जागरूक किया जा रहा है किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन शहरी के उद्देशों की प्राप्ति एवं नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रदेश के नगरीय निकायों में स्वच्छता अभियानों का आयोजन किया जाना है। नगर पालिका अध्यक्ष पं. शिवाकांत मिश्रा, स्वास्थ्य सभापति शुभम राजपूत एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देशानुसार एवं स्वच्छता नोडल अधिकारी सत्यम जाट के मार्गदर्शन में प्रयत्न एक सामजिक विकास परिषद् (एन.जी.ओ.) की गई टीम द्वारा निकाय के 24 वार्डो में नागरिको से संपर्क कर उनको 4 प्रकार का कचरा को अलग अलग कर 4 डस्टबिन में रखने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। गीला कचरा जैसे कागज, गत्ता, प्लास्टिक की बोतलें, पॉलीथिन, कांच, धातु के डिब्बे, रबर, थर्माकोल , सूखा कचरा जैसे रसोई का कचरा (सब्जियों और फलों के छिलके, बचा हुआ खाना, चाय की पत्ती), बगीचे का कचरा (पत्तियां, घास, घरेलू हानिकारक कचरा जैसे पुराने कंप्यूटर, मोबाइल फोन, लैपटॉप, चार्जर, बैटरी, केबल, टूटे हुए छोटे घरेलू उपकरण, बल्ब, और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, सैनिटरी अपशिष्ट कचरा जैसे सैनिटरी नैपकिन, डायपर, इस्तेमाल की गई बैंडेज, पट्टियाँ, एक्सपायर दवाएं, और इंजेक्शन की सुई । वही चारों प्रकार का कचरा अलग-अलग देने को कहा और साथ ही रहवासियों को बताया की कौनसा कचरा कौन से बॉक्स में डालते है और सभी वार्ड के नागरिकों से अपील की गई है कि कचरा यहा वहा न फेके कचरें को कचरा संग्रहण वाहन में ही डाले । उक्त अभियान में नगर पालिका स्वास्थ्य शाखा प्रभारी संजय श्रीवास, स्वच्छता पर्यवेक्षक प्रदीप मिश्रा, अजय वाल्मीक, पंकज पटैल, अभिषेक शुक्ला, करण घारू, के साथ एन.जी.ओ. से आकाश सेन, सचिन सेन, इत्यादि उपस्थित रहे ।

# एक करोड़ 23 लाख की लागत से बने हायर सेकेंडरी स्कूल का अब तक नहीं हुआ लोकार्पण





## जर्जर पुराने भवन में डर के साये में पढ़ने को मजबूर छात्र

**शहपुरा।** डिंडौरी जिले के शहपुरा तहसील मुख्यालय स्थित शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहपुरा का नया भवन बनने के बावजूद आज तक लोकार्पण नहीं हो सका है। करीब एक करोड़ तेईस लाख रुपये की लागत से निर्मित यह भवन लगभग छह माह पूर्व पूर्ण हो चुका हैए लेकिन अब तक विद्यालय को औपचारिक रूप से हस्तांतरित नहीं किया गया है। मुख्य बस स्टैंड के समीप स्थित इस विद्यालय के नए भवन का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग के माध्यम से कराया गया थाए जिसकी ठेका एजेंसी मेसर्स मां नर्मदा बिल्डिंग सप्लायर्स रही। भवन निर्माण के लिए पुरानी और जर्जर बाउंड्री वॉल को तोड़ा गया थाए लेकिन निर्माण पूर्ण होने के बाद भी नई बाउंड्री वॉल का निर्माण नहीं कराया गयाए जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। विद्यालय में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के 204 छात्र.छात्राएं अध्ययनरत हैं। नए भवन का उपयोग न हो पाने के कारण छात्र अभी भी पुराने और जर्जर भवन में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। खासकर बरसात के मौसम में बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैए जिससे किसी भी समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। भवन निर्माण के बाद लंबे समय तक उसे विद्यालय को हस्तांतरित न किया जाना विभागीय कार्यप्रणाली और ठेकेदार की लापरवाही पर सवाल खड़े करता है। अब देखना यह होगा कि कब तक बच्चों को सुरक्षित और सुविधायुक्त नया भवन मिल पाता हैए या फिर छात्र यूं ही जोखिम भरे हालात में पढ़ने को मजबूर रहेंगे।

खबर संक्षेप

## कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास रमसा में विदाई समारोह संपन्न



**अमरपुर।** कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास रमसा में कक्षा 12 वीं के छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमति वंदना ठाकुर रही। उन्होंने छात्राओं को अच्छे से मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह देते हुए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। इनके अलावा छात्रावास अधीक्षिका विमला परस्ते ने कहा कि वर्षो की मेहनत अनुशासन और संस्कारों के साथ यहां से निकल कर विद्यार्थी जीवन की नई शुरुआत करने जा रहे हैं। छात्राएं अपने लक्ष्य को हासिल कर अपने विद्यालयए माता पिता और गांव का नाम रोशन करें। छात्राओं को छात्रावास अधीक्षिका द्वारा बेस्ट अटेंडेंस अवॉर्ड के लिए पूर्व से जानकारी दी थी। जिसको छात्रावास की छात्रा जानकी परस्ते ने बेस्ट अटेंडेंस अवॉर्ड हासिल किया। वहीं पर विद्यालय के उच्चण माध्यण शिक्षक रमेश कुमार धुर्वे ने सभी छात्राओं को आगामी परीक्षा में अच्छे अंक हासिल कर करने एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिए। आयोजित विदाई समारोह कार्यक्रम में वंदना नर्तेए सुरेश कुमार यादवए मनोज ठाकुर एवं छात्रावास स्टाफ सहित छात्राएं मौजूद रही। अंत में छात्राओं ने भी अपनी विद्यालीय अनुभव साझा करते हुए अपने गुरूओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## अमरपुर में साइबर सुरक्षा की पाठशाला



**शहपुरा।** सीएससी द्वारा संचालित वीज़ा सीएसआर परियोजना के अंतर्गत ग्राम अमरपुरए जिला डिंडोरी में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को बढ़ते डिजिटल फ्रॉड और साइबर अपराधों के प्रति सतर्क करना एवं सुरक्षित डिजिटल लेन.देन के लिए प्रेरित करना रहा।कार्यक्रम में सीएससी वीएलई सुरेन्द्र कुमार राय ने ग्रामीणों को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा फोन कर यदि बैंक से संबंधित ओटीपीए एटीएम नंबरए पिन या व्यक्तिगत जानकारी मांगी जाती हैए तो तुरंत सतर्क हो जाएं और ऐसी जानकारी किसी के साथ साझा न करें। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी अक्सर बैंक अधिकारीए सरकारी कर्मचारी या परिचित बनकर कॉल कर ठगी को अंजाम देते हैं। ऐसे में संदिग्ध कॉलए मैसेज और फर्जी लिंक से दूरी बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। बैंकिंग और डिजिटल भुगतान से जुड़े कार्य केवल आधिकारिक माध्यमों से ही करें।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को यह भी जानकारी दी गई कि किसी भी प्रकार की शंका या साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत संबंधित बैंक या साइबर हेल्पलाइन से संपर्क करेंए ताकि समय रहते आर्थिक नुकसान से बचा जा सके।जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीणों की अच्छी भागीदारी रही।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत चन्द्र विजय कॉलेज में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**डिण्डौरी।** सड़क दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली जनहानि में कमी लाने के उद्देश्य से डिण्डौरी पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत माह जनवरी को सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाया जा रहा है तथा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 22 जनवरी 2026 को शासकीय चन्द्रविजय महाविद्यालयए डिण्डौरी में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में छात्र.छात्राओं को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित शासन द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं जैसे राहवीर योजनाए हिट एंड रन योजना तथा कैशलेस ट्रीटमेंट योजना के बारे में भी जानकारी प्रदान की गईए जिससे आपात स्थिति में आमजन की सहायता और पीड़ितों को समय पर उपचार मिल सके।जिला परिवहन कार्यालय से पंकज डेहरिया ने विद्यार्थियों को ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से लर्निंग लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की पूरी प्रक्रिया समझाई। इस दौरान 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके छात्र.छात्राओं से लर्निंग लाइसेंस हेतु ऑनलाइन आवेदन भी भरवाए गए।कार्यक्रम में थाना यातायात का स्टाफए जिला परिवहन कार्यालय डिण्डौरी की टीमए महाविद्यालय का स्टाफ तथा लगभग 200 से 250 छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे। आयोजन के माध्यम से युवाओं में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नियमों के पालन का संदेश दिया गया।

## शहडोल संभाग स्तरीय पिट्टू प्रतियोगिता में डिण्डौरी का दबदबा, बालक.बालिका वर्ग में प्रथम स्थान



**डिण्डौरी।** खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिले स्तर पर चयनित खिलाड़ियों का दल 21 जनवरी 2026 को शहडोल संभाग स्तरीय पिट्टू प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शहडोल भेजा गया था। प्रतियोगिता में डिण्डौरी जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में विजेता बनने का गौरव हासिल किया।संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में डिण्डौरी की टीमों ने अनुशासनए टीम भावना और उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए सभी मुकाबलों में प्रभावी प्रदर्शन किया और प्रथम स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ियों के समन्वय और रणनीतिक खेल की सराहना आयोजकों एवं दर्शकों द्वारा की गई।प्रतियोगिता में जीत के साथ ही बालक एवं बालिका वर्ग की चयनित टीमें अब राज्य स्तरीय पिट्टू प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए ग्वालियर जाएंगीए जहां वे शहडोल संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी।जिले की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कलेक्टरए पुलिस अधीक्षकए विभिन्न विभागों के अधिकारियों.कर्मचारियों तथा खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी हैं।

## संग्रामपुर माल ग्राम पंचायत में उप सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव, सियासी हलचल तेज



**शहपुरा।** शहपुरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत संग्रामपुर माल में उपसरपंच के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव की औपचारिक प्रक्रिया शुरू होते ही पंचायत की राजनीति में उबाल आ गया है। उपसरपंच हीरालाल झारिया के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव की सूचना अनुविभागीय अधिकारी ;राजस्वद्ध को सौंप दी गई है। इसके बाद से ही गांव और आसपास के क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 के पंचायत चुनाव के बाद 2 अगस्त 2022 को शपथ ग्रहण हुआ थाए जिसमें हीरालाल झारिया ने उपसरपंच पद का कार्यभार संभाला था। वर्तमान में उनके कार्यकाल को ढाई वर्ष से अधिक समय बीत चुका हैए जिससे नियमानुसार उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की पात्रता पूरी हो चुकी है।ग्राम पंचायत संग्रामपुर माल में कुल 21 निर्वाचित सदस्य हैंए जिनमें 20 पंच और एक सरपंच शामिल हैं। नियमों के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव की सूचना के लिए एक तिहाई सदस्यों का समर्थन पर्याप्त होता हैए लेकिन इस मामले में दो.तिहाई से अधिक सदस्यों का समर्थन सामने आया है। बताया गया है कि 13 पंचों के साथ स्वयं सरपंच ने भी हस्ताक्षर कर अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन किया है। इस प्रकार कुल 14 निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने प्रस्ताव के पक्ष में सहमति दी हैए जिससे इसकी स्थिति मजबूत मानी जा रही है।आवेदन में उल्लेख किया गया है कि इससे पूर्व उपसरपंच के खिलाफ कभी भी अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया गया था। साथ ही उनके कार्यकाल की समाप्ति में अभी छह माह से अधिक का समय शेष हैए जिससे यह प्रस्ताव मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993.94 के प्रावधानों के तहत विधिसम्मत बताया जा रहा है। यह सूचना धारा 21 एवं संबंधित नियमों के अंतर्गत प्रस्तुत की गई है तथा नियम 3 के उपनियम ;1द्ध के अनुसार निर्धारित प्ररूप भी संलग्न किया गया है।

अविश्वास प्रस्ताव की सूचना मिलते ही प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। राजस्व एवं पंचायत विभाग द्वारा अब नियमानुसार बैठक बुलाकर आगे की प्रक्रिया प्रारंभ किए जाने की संभावना है।इस संबंध में सरपंच नान सिंह मार्को ने आरोप लगाते हुए कहा कि ग्राम पंचायत में चल रहे विकास कार्यों में उपसरपंच द्वारा लगातार बाधा उत्पन्न की जाती है। उनके अनुसार झूठी शिकायतें की जाती हैं और कराई जाती हैंए जिससे पंचायत के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसी कारण उन्होंने 14 पंचों के साथ मिलकर उपसरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए एसडीएम को आवेदन दिया है।एसडीएम कार्यालय में आवेदन सौंपने के दौरान सरपंच नान सिंह मार्को सहित संतोषीए चमेलीए लल्ला सिंह तेकामए वीरन सिंह तेकामए रघुवीर सिंह परस्तेए सिलोचना परस्तेए जानकी सैयामए द्रोपतीए सरिता बाई झारियाए रोहनिया बाईए विशम्भर सिंहए विद्या बाई एवं सेमलाल परस्ते उपस्थित रहे।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में लंबे समय से अंदरूनी मतभेद चल रहे थेए जो अब खुलकर सामने आ गए हैं। राजनीतिक जानकार इसे ग्राम पंचायत में संभावित नेतृत्व परिवर्तन की दिशा में अहम कदम मान रहे हैं। अब सभी की निगाहें प्रशासन की अगली कार्रवाई और अविश्वास प्रस्ताव पर होने वाली बैठक पर टिकी हैंए जहां यह तय होगा कि उपसरपंच पद पर बने रहेंगे या पंचायत को नया उपसरपंच मिलेगा।



## आज मंडला एवं अमरपुर के बीच होगा फाइनल मुकाबला

**अमरपुर।** जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर में यंग स्टार स्पोर्ट क्लब अमरपुर के तत्वावधान में स्वण लोकमन साहू खेल मैदान में सांसद कप लेदर बॉल अमरपुर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किया गया हैं। जिसके तहत गुरुवार को दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला वाईएससी अमरपुर व बजाग टीमों के बीच खेला गया। इस मैच में वाईएससी अमरपुर द्वारा बजाग टीम को 12 रनों से पराजित करते हुए फाइनल में अपनी जगह बना ली गई। दोपहर 1 बजे अतिथियों द्वारा टॉस उछाला गया तो टॉस जीतकर वाईएससी अमरपुर के कप्तान द्वारा पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया गया। इस तरह सेमीफाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए वाईएससी अमरपुर द्वारा अपने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 176 रन बनाए थे। इस प्रकार से वाईएससी अमरपुर की ओर से बल्लेबाज अरविंद उसराठे ने 26 गेंदों पर 28 रनए शेख अमजद ने 12 गेंदों पर 14 रनए पिंटू पड़वार ने 10 रनए लोकराम वनवासी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 35 गेंदों पर 4 चौंके व 2 छक्के की मदद से सर्वाधिक 44 रनए ब्रजेश बर्मे ने 19 गेंदों पर 1 चौंके व 1 छक्के की मदद से 21 रनए भगवान सिंह ने 8 गेंदों पर 1 चौंके व 2 छक्के की मदद से 19 रनए प्रवीण बर्मन ने 6 गेंदों पर 7 रन तथा राहुल जायसवाल ने 6 गेंदों पर 2 चौंके व 1 छक्के की मदद से 18 रन बनाते हुए वाईएससी अमरपुर का कुछ स्कोर 176 रन रहा। बजाग टीम द्वारा अपने गेंदबाजी के दौरान गब्बर धुर्वे ने 4 ओवर में 25 रन 3 विकेट लिएए वहीं पर ललित मरकाम व लोकेश पटेरिया ने 1.1 विकेट लिए। इस तरह दूसरी पारी में मैदान पर वाईएससी अमरपुर द्वारा बजाग टीम को जीत के लिए दिए गए 177 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिए मैदान पर उतरी तो मनीष ने 15 गेंदों पर 3 चौंके की मदद से 13 रनए रामेश्वर नंदा ने 15 रनए शुभम मरावी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 24 गेंदों पर 5 चौंके व 3 छक्के की मदद से 41 रनए ललित मरकाम ने 11 रनए महेश्वर दास ने 14 रन तथा लोकेश पटेरिया ने 29 गेंदों का सामना करते हुए 6 चौंकों की मदद से 40 रनों का अपनी टीम के लिए योगदान दिया। इस तरह से बजाग टीम अपने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 164 रन ही बना कर महज 12 रनों से मैच हार कर फाइनल खेलने का मौंका गंवा दी। वहीं पर वाईएससी अमरपुर की तरह से गेंदबाजी करते हुए प्रवीण बर्मन ने 4 ओवर में 1 मेडन रखते हुए 12 रन देकर 3 विकेटए प्रदीप वनवासी ने 4 ओवर में 31 रन देकर 3 विकेट तथा राहुल जायसवालए शेख अमजद व शैलेन्द्र सिंगौर ने 1.1 विकेट हासिल किए। इस दूसरे सेमीफाइनल मैच में बेहतरीन गेंदबाजी करने वाले प्रवीण बर्मन को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। इस मैच के निर्णायक पुरूषोत्तम ठाकुर व रामस्वरूप बर्मन रहे। वहीं मैच का आंखों देखा हाल के के उसराठे द्वारा सुनाया गया। स्कोरिंग अरूण चक्रवर्ती एवं ऑनलाइन स्कोरिंग राहुल धुर्वे द्वारा किया गया।

## जनपद शिक्षा केंद्र समनापुर में ष्वॉश ऑन व्हील सेवा पर प्रशिक्षण आयोजित



**डिंडौरी।**जनपद पंचायत समनापुर अंतर्गत अमरपुर स्थित बीआरसी कार्यालय में ष्वॉश ऑन व्हीलष ;ॅवॅद्ध सेवा के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा डिजिटल माध्यम से सेवाओं की मांग प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाना रहा।प्रशिक्षण के दौरान बीआरसीए बीएसी एवं सीएसी को ॅट ऐप डाउनलोड कराकर उसके माध्यम से डिमांड जनरेट करने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों को ऐप के उपयोगए सेवा अनुरोध दर्ज करने तथा उसके अनुश्रवण की जानकारी विस्तार से दी गई।इस अवसर पर उपस्थित सभी स्वच्छता साथियों का परिचय कराया गया। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान कार्यालय परिसर स्थित शौचालय की सफाई स्वच्छता साथी के माध्यम से कराई गईए जिससे स्वच्छता के प्रति जागरूकता का प्रत्यक्ष संदेश दिया गया। स्वच्छता कार्य के उपरांत स्वच्छता साथी को नगद भुगतान भी किया गयाए जिससे सेवा की त्वरित और प्रभावी कार्यप्रणाली को दर्शाया जा सके।कार्यक्रम में बताया गया कि वॉश ऑन व्हील सेवा के माध्यम से स्वच्छता संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान संभव होगा तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग से सेवाओं की मांग और आपूर्ति में सुगमता आएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित उद्देश्यों के अनुरूप सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना में डिण्डौरी को मिली नई पहचान, लहरी बाई ब्रांड एम्बेसडर

**डिण्डौरी।** जिले में कृषि नवाचारए परंपरागत फसलों के संरक्षण और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में प्रधानमंत्री धन.धान्य कृषि योजना के तहत एक अहम पहल की गई है। इस योजना के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुकीं शमिलेट्स क्वीनश लहरी बाई को डिण्डौरी जिले की ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति जिला कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया द्वारा की गई। उनका औपचारिक नियुक्ति पत्र अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बजाग श्री रामबाबू देवांगन ने ग्राम सिलपीड़ी पहुंचकर स्वयं लहरी बाई को सौंपा।आकांक्षी विकासखंड बजाग के ग्राम सिलपीड़ी निवासी लहरी बाई बैगा जनजाति से संबंध रखने वाली एक साधारण कृषक महिला हैंए जिन्होंने अपने असाधारण प्रयासों से डिण्डौरी जिले को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर गौरव दिलाया है। उन्होंने पारंपरिक मिलेट्स ;श्रीअन्नद्ध की 150 से अधिक किस्मों के बीजों का संरक्षण कर एक अनूठा बीज बैंक विकसित किया है। यह पहल जैव विविधता संरक्षण के साथ.साथ जलवायु परिवर्तन के चुनौतीपूर्ण दौर में टिकाऊ और पोषणयुक्त कृषि का मजबूत उदाहरण मानी जा रही है। मिलेट्स के संरक्षणए संवर्धन और प्रचार.प्रसार में उल्लेखनीय योगदान के लिए लहरी बाई को वर्ष 2021.22 में




शपादप जीनोम संरक्षक किसान सम्मानश से नवाजा जा चुका है। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित शइंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स 2023श के दौरान उन्हें ब्रांड एम्बेसडर के रूप में भी मान्यता मिली थी। उनकी उपलब्धियाँ इस बात का प्रमाण हैं कि पारंपरिक ज्ञान और नवाचार के समन्वय से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया जा सकता है।प्रधानमंत्री धन.धान्य कृषि योजना का उद्देश्य मोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा देनाए किसानों की आय में वृद्धि करनाए पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करना है। लहरी बाई को जिला स्तरीय ब्रांड एम्बेसडर बनाए जाने से डिण्डौरी जिले में इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को नई दिशा और गति मिलने की उम्मीद है। वे किसानोंए विशेष रूप से आदिवासी समुदाय और महिला कृषकों को मिलेट्स की खेतीए बीज संरक्षण और बाजार से जुड़ाव के लिए प्रेरित करेंगी।इस अवसर पर कृषि उपसंचालक सुश्री अभिलाषा चौरसिया ने कहा कि लहरी बाई का जीवन संघर्ष और कार्य जिले के किसानों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी सहभागिता से श्रीअन्न आधारित कृषि को प्रोत्साहन मिलेगा और योजना के लक्ष्य अधिक प्रभावी ढंग से पूरे होंगे।लहरी बाई की यह नियुक्ति डिण्डौरी जिले के लिए गर्व का विषय है। उम्मीद की जा रही है कि उनके मार्गदर्शन में जिले के किसान परंपरागत फसलों की ओर पुनः रुख करेंगेए जिससे किसानों की आय बढ़ेगी और पोषणयुक्त एवं टिकाऊ कृषि व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

**खबर संक्षेप**

### विद्या बुद्धि ज्ञान और सकारात्मक ऊर्जा का पर्व है आज वसंत पंचमी

तेंदूखेड़ा। माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि बसंत पंचमी के रूप में मनाई जाती है। यह पर्व विद्या बुद्धि की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती के प्राकट्य उत्सव के रूप में आदि काल से मनाया जाने वाला सनातन मतावलंबियों का महत्वपूर्ण पर्व है। हमारे क्षेत्र के विद्वान पौरोहित्य कर्मकांड स्नातक आचार्य चतुष्टय वेदाचार्य पुराणाचार्य व्याकरण एवं ज्योतिषाचार्य प्रमोद पचौरी ने बताया कि इस दिन सद् बुद्धि और विद्या की प्राप्ति के लिए भगवती सरस्वती का विधिवत पूजन किया जाता है।इस दिन विद्यारम्भ संस्कार के लिए बहुत ही उत्तम मुहुर्त होता है। सभी विद्यालयों में भी सरस्वती पूजा और अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। बसंत ऋतु के शुभागमन के संकेत के कारण भी इस पंचमी को बसंत पंचमी के नाम से जाना जाता है।मान्यता है कि इस दिन कामदेव का जन्म हुआ था। सुखमय दाम्पत्य जीवन और आनंद के लिए सभी सद् गृहस्थ इस दिन माता सरस्वती भगवान विष्णु और कामदेव का पूजन करते हैं।बसंत पंचमी का पर्व प्रेम दिवस के रूप में मनाने की भी परम्परा है।

### जेके सीमेंट द्वारा इंजीनियर्स मीट का आयोजन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस स्थानीय होटल में भारत की अग्रणी जेके सीमेंट कंपनी द्वारा इंजीनियर मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं पूजन अर्चन वरिष्ठ अभियंताओं आर के बाडिया अनिल महाजन, के. के सोनी, पारसनाथ विश्वकर्मा मनीष जैन, राजेश दुबे के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीमेंट उत्पादों की तकनीकी जानकारी साझा करते हुए उपयोग विधि पर विस्तार से चर्चा की गई। उक्त कार्यक्रम में कंपनी के जोनल हेड सुधीर मिश्रा, एरिया सेल्स मैनेजर पुनीत बंसल, एरिया तकनीकी अधिकारी नकुल सोनी, बीओ अभिषेक अग्रवाल एवं नरसिंहपुर तकनीकी अधिकारी नीतेश झरिया सहित बड़ी संख्या में जिले के इंजीनियरर्स उपस्थित रहे।

### विद्यारंभ, पट्टी पूजन संस्कार आज

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 23 जनवरी को प्रातः 9:30 से 12:30 तक ढाई से पांच साल के ऐसे शिशु जिनकी शिक्षा अभी प्रारम्भ नहीं हुई है उनका विद्यारंभ, पट्टी पूजन संस्कार विद्यालय के हरित मण्डप में वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य श्रेष्ठ विद्वानों के द्वारा किया जावेगा।

### तेजस्वी मेले का आयोजन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस शासकीय हाई स्कूल खापा शेढ़ में जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला तेजस्वी टीम के निर्देशन तथा प्राचार्य एस.के. बक्शी के मार्गदर्शन में तेजस्वी योजना के अंतर्गत तेजस्वी मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में शैक्षणिक रुचि, कौशल विकास एवं करियर जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। मेले के दौरान विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक मॉडल, विज्ञान प्रदर्शनी, रचनात्मक एवं नवाचार से जुड़ी गतिविधियों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम में तेजस्वी प्रभारी शिक्षिका प्रीति धुर्वे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मंच संचालन शिक्षक ओंकार गोस्वामी द्वारा किया गया, वहीं आभार प्रदर्शन शिक्षक आशीष विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर शिक्षक कुबेर सिंह पटेल, भूपेंद्र पटेल, गेंदालाल काछी, प्रशांत सिंगोतिया सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### आत्महत्या के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस थाना करेली अंतर्गत ग्राम कोदसा में एक विवाहित महिला एवं उसकी 3 वर्षीय बालिका की आत्म हत्या करने संबंध प्रकरण की सूचना पर पुलिस द्वारा उक्त मामले में तत्काल कार्यवाही की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम द्वारा प्रकरण से संबंधित तकनीकी साक्ष्य एकत्रित किए गए एवं मृतिका के शव का डॉक्टरों की टीम से पोस्टमार्टम कराया गया।

ग्राम पंचायत लिघारी व पस्ताना का मामला

# अमृत सरोवर घोटाले की पुनः जांच टीम गठित

## जिम्मेदारों पर दर्ज हो चुकी है एफआईआर

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।


जिले मुख्यालय की जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत लिघारी एवं पस्ताना मे बनाए गए अमृत सरोवर तालाब में जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के मामले में थाना मुंगवानी मे विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध होने के बाद पुनः जांच टीम गठित की गई है। अमृत सरोवर योजना के तहत हुए 50 लाख रुपये के बहुचर्चित भ्रष्टाचार मामले में विभागीय हलचल तेज हो गई है। मुंगवानी पुलिस द्वारा सरपंच, सचिव और उपयंत्रियों पर एफआईआर दर्ज किए जाने के बाद अब जबलपुर मंडल के अधीक्षण यंत्री ने 15 जनवरी को एक संशोधित आदेश जारी कर जांच समिति का विस्तार किया है। हालांकि, नई समिति में शामिल स्थानीय अधिकारियों को देखते हुए अब यह सवाल उठने लगा है कि क्या बिना किसी राजनैतिक हस्तक्षेप के दूध का दूध और पानी का पानी हो पाएगा।



हरिभूमि

अमृत सरोवर निर्माण में गड़बड़ी का मामला

लिघारी व पस्ताना सरपंच सहित अन्य पर मामला दर्ज



संशोधित आदेश

### पुरानी जांच पर उठे सवाल

उल्लेखनीय है कि ठेकेदार शशिकांत सिरबैया ने पूर्व में जिला स्तरीय दल द्वारा की गई जांच को पक्षपातपूर्ण बताते हुए उस पर असंतोष व्यक्त किया था। इसी गंभीरता को देखते हुए अब नई उच्च स्तरीय समिति को विस्तृत जांच की जिम्मेदारी दी गई है। अब इस जांच के दायरे में ग्राम पंचायत लिघारी के ग्राम कटकुही एवं ग्राम जेरा, ग्राम पंचायत पिपरिया का ग्राम पिपरिया, ग्राम पंचायत पांजरा का ग्राम थ्वारी, ग्राम पंचायत खमरिया नॉरिया का ग्राम खमरिया, ग्राम पंचायत पस्ताना के ग्राम पिंडरई (भुजिया नाला) एवं ग्राम पिंडरई दूबा तथा ग्राम पंचायत कोदरास कलां का ग्राम डुंगरिया कलां शामिल है। इन सभी स्थानों पर हुए अमृत सरोवर निर्माण का भौतिक सत्यापन और वित्तीय हेराफेरी की अब सूक्ष्मता से जांच की जाएगी। अब देखना होगा कि पुनः जांच मे क्या सामने आता है।

### ये रहे जांच दल के सदस्य

संशोधित आदेश के तहत जांच दल में अब विशेषज्ञों की संख्या बढ़ा दी गई है। पूर्व से शामिल सागर अग्रवाल कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिक सेवा नरसिंहपुर सहित जांच दल में अब अनुविभागीय अधिकारी रामकृष्ण लोधी, उपयंत्री राजेश कुशवाहा और संभागीय लेखाधिकारी अंकित सौरव के साथ अब गोटेगांव की सहायक यंत्री सुश्री अमृता अग्निहोत्री, उपयंत्री अक्षय भुसारी और वरिष्ठ लेखा लिपिक बलराम बसेडिया नरसिंहपुर को भी शामिल किया गया है। जांच टीम का यह विस्तार बताता है कि प्रशासन इस बार तकनीकी और वित्तीय गड़बड़ी को लेकर कोई रिस्क नहीं लेना चाहता। शिकायत कर्ता के अनुसार पूर्व मे हुई जांच में दोष होने के कारण पुनः जांच की मांग की गई थी जिसपर पुनः जांच कराई जा रही है। अब देखना होगा कि जांच मे क्या समाने आता है।

### निष्पक्षता की कड़ी परीक्षा

अमृत सरोवर में हुए भ्रष्टाचार के इस बड़े मामले में अब सबसे बड़ी चुनौती जांच की निष्पक्षता को लेकर है। क्षेत्र में यह चर्चा जोरों पर है कि जब जांच दल में शामिल अधिकांश अधिकारी स्थानीय स्तर के ही हैं, तो क्या वे अपने ही विभाग के उन साथियों के विरुद्ध सख्त रिपोर्ट दे पाएंगे जिन पर पहले से ही गंभीर धाराओं में आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। अब सवाल यह है कि नई जांच समिति राजनैतिक दबाव और विभागीय तालमेल से ऊपर उठकर सरकारी धन का दुरुपयोग करने वालों को बेनकाब करेगी या फिर यह प्रक्रिया महज एक औपचारिक खानापूर्ति बनकर रह जाएगी। वही लोगों का कहना है कि यदि मामले की सूक्ष्मता से जांच हुई तो कई चेहरे भी उजागर हो सकते है। सभी की निगाहे जांच समीति के प्रतिवेदन पर टिकी हुई है।



## पुष्कल एग्रोटेक लिमिटेड का रिटेल आउटलेट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। कृषि क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी पुष्कल एग्रोटेक लिमिटेड द्वारा गल्ला मंडी के पास रिटेल आउटलेट का भव्य शुभारंभ किया गया। इस शुभारंभ उद्घाटन समारोह में सैकड़ो किसान, व्यापारी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर पुष्कल एग्रोटेक लिमिटेड कंपनी के कंपनी के सेनियर अधिकारी जी रमेश ने बताया कि यह रिटेल आउटलेट किसानों को उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक एवं आधुनिक कृषि समाधान एक ही स्थान पर उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है,कार्यक्रम के दौरान अरुण गुप्ता और मनोज कुशवाहा, पंकज सिंह ने किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने संबंधित तकनीकी जानकारी भी दी गई। किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नरसिंहपुर में रिटेल आउटलेट खुलने से उन्हें कृषि सामग्री के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होगी। और कम दाम में अच्छी क्वालिटी मिलेगी । उद्घाटन समारोह में कंपनी के सीनियर अधिकारी जी रमेश ने किसानों के साथ मिलकर बातचीत की और जी रमेश ने बताया आने वाले समय में कृषि के लिए सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ तथा अंत में सभी आगंतुकों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।

# जनसुनवाई में सुनी लोगों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल द्वारा हर गुरुवार को विधायक निवास पर आयोजित की जाने वाली जनसुनवाई में इस सप्ताह कुल 160 आवेदन प्राप्त हुए। अपने-अपने प्रकरण लेकर पहुंचे आमजन की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए श्री पटेल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए और कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया जनता और जनप्रतिनिधि के बीच संवाद का यह सशक्त मंच ग्रामीण अंचलों के लोगों के लिए बड़ी उम्मीद बन चुका है। उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि जनसुनवाई में 160 आवेदनों की प्राप्ति हुई इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी गणमान्य नागरिक सहित अनेक समाजसेवी जन मौजूद रहे।



## बिगेस्ट फैशन एंड टैलेंट शो का आयोजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिले की प्रतिभाओं को ढूंढ़ने एवं उन्हें एक उचित मंच देने वाले नरसिंहपुर लाइव समूह द्वारा इस वर्ष भी डांस शो एवं फैशन शो आयोजित किया गया जिसमे फैशन कॉम्पटीशन मे किड्स कैटेगिरी, टीन कैटेगिरी एवं मिस कैटेगिरी मे प्रतियोगिता संपन्न हुई वहीं डांस प्रतियोगिता मे किड्स एवं मेन कैटेगिरी मे प्रतियोगिता हुई। जिसमे फैशन शो मे किड्स कैटेगिरी मे नरसिंहपुर की मैत्रेयी पटेल विजेता रहीं, टीन कैटेगरी में गाडरवारा की अनन्या मिश्रा तथा मिस कैटेगरी में सदफ खान ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं डांस शो की किड्स कैटेगरी में गाडरवारा की अन्वी और मेन कैटेगरी में भोपाल के मोहित हरियाल विजेता घोषित किए गए। इस प्रतियोगिता में 1000 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया था। ऑनलाइन ऑडिशन, लाइव ऑडिशन एवं सेमीफाइनल के बाद ग्रैंड फिनाले में 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें से 26 प्रतिभागियों को कुल 1 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में जज के रूप में श्रृंखला कटारे मिश्रा, डिंपल जाट, तनुप्रिया रजक, अंजली गुप्ता, मोहित रायमाले, अनुराग द्विवेदी, गार्गी विश्वकर्मा, स्मृति रघुवंशी एवं नंदिनी गोप उपस्थित रहीं।



## सर्व ब्राह्मण सभा और सनातन धर्म प्रेमियों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

प्रयागराज में मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज, नन्हे बटुकों और बुजुर्ग संतों के साथ उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा की गई कथित अभद्रता और मारपीट के विरोध में नरसिंहपुर में गहरा रोष व्याप्त है। इस घटना के विरोध में सर्व ब्राह्मण सभा और सनातन धर्म प्रेमियों ने लामबंद होकर राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि 18 जनवरी को प्रयागराज में संगम स्नान के दौरान संतों को न केवल रोका गया, बल्कि उनके साथ धक्का-मुक्की और मारपीट भी की गई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पुलिस का यह कृत्य संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का सीधा उल्लंघन है। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण सभा के जिलाध्यक्ष नारायण प्रसाद दुबे, पं. विष्णु प्रसाद शर्मा सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी और सनातन धर्म प्रेमी उपस्थित रहे।

# महिला विशेषज्ञ डॉक्टर की तेंदूखेड़ा को है जरुरत







तेंदूखेड़ा

एक तरफ जहां महिला सशक्तिकरण से लेकर शासन द्वारा महिलाओं के हितों को लेकर तरह तरह की योजनाएं चलाई जा रही है। वहीं दूसरी तरफ लाडली बहिनें प्रसूति के समय जीवन और मृत्यु के बीच किस तरह से संघर्ष करतीं हैं उनके उपचार हेतु महिला विशेषज्ञ डाक्टर ना होने की स्थिति में गंभीर स्थिति वाली महिलाओं को तत्काल प्रभाव से जिला चिकित्सालय भेजना पड़ता है। त्वरित इलाज के अभाव में महिलाओं को कितना संघर्ष करना पड़ता है। पीड़ितों के परिवार ही बता सकतें हैं। वर्तमान में यहां पर पदस्थ महिला स्टाफ नर्सों और ठेकेदार व्यवस्था के तहत लगी दाई के माध्यम से ही काम चलाना पड़ता है।जो दिन रात सेवाओं में संलग्न देखी जाती है।

### पड़ोसी जिलों की भी आती है प्रसूतिकायें

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा में औसतन साठ से सत्तर डिलेवरी यहां पर हुआ करती है। जिसमें सागर रायसेन जिले के आदिवासी बाहुल्य ग्रामों के लोग भी मुख्य रुप से सुविधा की दृष्टि से यहां पर आते हैं लेकिन परेशानी जब बढ़ जाती है तब कोई महिला लाते समय गंभीर स्थिति में पहुंच जाती है ऐसे समय में महिला विशेषज्ञ डाक्टर की नितांत आवश्यकता होती है। त्वरित फिर उसे ऐम्बुलेंस बाहन सेवा से फिर साठ किलोमीटर दूर नरसिंहपुर भेजना पड़ता है। कभी कभार तो ऐम्बुलेंस बाहन सेवा आस पास हुआ करती है तो मिल जाया करती है नहीं तो काल करके उसे बुलाने से लेकर पहुंचने तक घंटों लग जाते हैं ऐसी स्थिति में प्रसूतिकाओं की गंभीर स्थिति बन जाती है। असली समस्या तो उन पीड़ित परिवारों की बनतीं है जो केवल आशा विश्वास के साथ छोटे छोटे बच्चों को साथ लेकर चले आते हैं। गंभीर स्थिति में महिलाओं को उठानें लिटाने तक में अस्पताल कर्मियों को ही परेशान होना पड़ता है।

### महिला विशेषज्ञ डाक्टर की नहीं हो सकी व्यवस्था

सोचनीय विषय तो यह बना हुआ है कि अस्सी हजार से अधिक महिलाओं के बीच एक भी महिला विशेषज्ञ डाक्टर नहीं है और यह व्यवस्था चालीस से साठ किलोमीटर के बीच कहीं भी नहीं है। महिलाओं को जबलपुर भोपाल नागपुर के अलावा नरसिंहपुर जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। यहां तक की सोनोग्राफी करवाने के लिए भी नरसिंहपुर या अन्य जगह आना जाना पड़ता है। पिछले कई दशकों से यहां पर महिला विशेषज्ञ चिकित्सक की मांग चली आ रही है लेकिन इस व्यवस्था पर आज तक ध्यान नहीं दिया गया। महिलाओं ने हमारे प्रतिनिधि को बताया है कि तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला विशेषज्ञ डाक्टर की शीघ्र सुविधा उपलब्ध कराई जाये।

## गोंगपा की चेतावनी- नशे और सट्टे के खिलाफ 15 दिन में कार्रवाई नहीं तो होगा आंदोलन



गोटेगांव

नरसिंहपुर जिले के ग्रामीण अंचलों में पैर पसार रहे अवैध शराब के कारोबार और सट्टे की बढ़ती लत के खिलाफ गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। मंगलवार को पार्टी के जिला अध्यक्ष रामचंद्र ठाकुर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर इन सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध विस्तृत ज्ञापन सौंपा। पार्टी ने दो टूक लहजे में प्रशासन को सचेत किया है कि यदि आगामी 15 दिनों के भीतर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश नहीं लगाया गया, तो पार्टी जिले भर में उग्र जन-आंदोलन शुरू करेगी। पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए शिकायती पत्र में पार्टी ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि ठेमी थाना, मुंगवानी, गोटेगांव और चीचली श्रीनगर बगासपुरलम्हेटा बुढैना बम्हनी क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में शराब ठेकेदारों की शह पर अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। जिला अध्यक्ष रामचंद्र ठाकुर ने कहा कि सट्टे और शराब के कारण जिले का मजदूर वर्ग और युवा सबसे ज्यादा प्रभावित है। 2022 से अब तक कई परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो चुके हैं। यदि पुलिस ने समय रहते कार्रवाई नहीं की, तो हम सड़कों पर उतरेंगे।

## बगासपुर में क्रिकेट टूर्नामेंट यूनिटी कप का भव्य आगाज

गोटेगांव



के समीपवर्ती ग्राम बगासपुर स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम ग्राउंड में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी क्रिकेट टूर्नामेंट यूनिटी कप का शानदार आयोजन शुरू हो गया है। यह टूर्नामेंट 20 जनवरी से 30 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस मुख्य अतिथि प्रबल पटेल एवं कुर्मी क्षत्रिय समाज के ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश बिलावर द्वारा विधि-विधान से पूजन-अर्चन एवं आरती वंदन किया गया। अतिथियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर और फीता काटकर यूनिटी कप का विधिवत शुभारंभ किया।खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के उपरांत उद्घाटन मुकाबला रुद्र राय इलेवन गोटेगांव और श्रीनगर की टीम के बीच खेला गया। मैच में श्रीनगर ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी रुद्र राय इलेवन गोटेगांव की टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कुल 124 रन बनाए और श्रीनगर के सामने जीत के लिए 125 रनों का लक्ष्य रखा।लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीनगर की टीम गोटेगांव के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और पूरी टीम मात्र 40 रनों पर ऑल आउट हो गई। इस तरह रुद्र राय इलेवन गोटेगांव ने एकतरफा मुकाबले में जीत हासिल कर टूर्नामेंट में अपनी विजयी शुरुआत की है। इस दौरान बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और ग्रामीण जन खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए मैदान में मौजूद रहे।